Regarding issues pertaining to unauthorized colonies in Delhi

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी **(**दक्षिण दिल्ली**) :** सभापति महोदय, दिल्ली में देश के यशस्वी प्रधान मंत्री मोदी जी ने 1700 अनऑथराइज्ड कॉलोनीज़ को नियमित कर दिया, मालिकाना अधिकार देने का काम शुरू हो गया है । इन सभी कॉलोनियों में नागरिक सुविधाएं दी जा रही हैं । लेकिन सैनिक फार्म जैसी 69 अनऑथराइज्ड कॉलोनीज़ को अभी तक नियमित नहीं किया गया है । मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार से मांग करता हूँ कि इन 69 कॉलोनीज़ को रेग्युलराइज किया जाए, मालिकाना अधिकार दिया जाए । इन कॉलोनीज़ का लेआउट प्लान बनाया जाए, जिससे कि लोग बिल्डिंग बायलॉज़ के मुताबिक अपना घर बना सकें और इसके साथ-साथ जिस तरह से 1700 अनऑथराइज्ड कॉलोनीज़ में सभी तरह की नागरिक सुविधाएं दी जा रही हैं, इन 69 कॉलोनीज़ में भी नागरिक सुविधाएं दी जाएं । यही भावना दिल्ली हाई कोर्ट की भी है । ? (व्यवधान)